Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 31-07-2006

Participants : Yadav Shri Parasnath

>

Title : Need to construct an over bridge at Jagdishpur Railway Crossing in Distt. Jaunpur, Uttar Pradesh.

श्री पारसनाथ यादव (जौनपुर) : महोदय, जौनपुर से वाराणसी, लखनऊ, सुलतानपुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है जिस पर भारी मात्रा में वाहनों का आवागमन रहता है। जौनपुर में जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर ट्रेनों के जल्दी जल्दी गुजरने के कारण वाहनों की लम्बी कतारें लग जाती हैं जिस कारण प्रतिदिन जौनपुर की जनता जाम में फंस कर रह जाती है। परिणामस्वरूप नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग, छात्र एवं आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिर्वा करोड़ों लीटर डीजल एवं पेट्रोल बरबाद हो जाता है। अनेक बार आकस्मिक दुर्घटनाएं भी होती जाती हैं। इस परेशानी के कारण यहां की जनता लंबे समय से जौनपुर में जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज की मांग कर रही है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनता की परेशानियों को देखते हुए जौनपुर में जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराने की कृपा करें।